(ख) अणुशक्ति विभाग के नियन्त्रण के अन्तर्गत अणु विज्ञान की विभिन्न शाखाओं के वैज्ञानिक पदों की विभिन्न श्रेणियों के लिये क्या योग्यतायें रखी गई हैं ?

प्रधान मंत्री तथा अणु शक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री) : (क) इस समय भारत में 13 विश्वविद्यालयों और 28 अन्य संस्थाओं में परमाणु विज्ञान की किसी न किसी शाखा में अनुसन्धान कार्य किया जा रहा है । भारत सरकार सहायता के रूप में इन्हें अनुदान, उपकरण और कर्मचारी देती है ।

(ख) परमाणु ऊर्जा विभाग में वैज्ञानिक पदों की विभिन्न श्रेणियां इतनी अधिक हैं कि उनका उल्लेख करना सम्भव नहीं है । सामान्यतः विभाग में भर्ती, विभाग के प्रशिक्षण स्कूल के द्वारा की जाती है । विज्ञापन की एक प्रति जिसमें इस स्कूल में प्रवेश पाने के लिये निर्धारित योग्यताएं दी गई हैं, सदन के सभा पटल पर प्रस्तुत हैं । **[पुस्तकालय में रखी गई, देखिये संख्या** LT—3617/64] ।

"To Meet the Press" Feature on A.I.R.

1331. **Shri Yashpal Singh**: Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state:

(a) whether Government propose to introduce a new feature 'to meet the Press' on A.I.R. periodically; and

(b) if so, when a decision is likely to be taken in the matter?

The Minister of Information and Broadcasting (Shrimati Indira Gandhi): (a) Yes, Sir.

(b) Before the end of this year. This feature will be introduced from the beginning of 1965.

India Telephone Industries, Bangalore

1332. **Dr. Sarojini Mahishi**: Will the Minister of **Communications** be pleased to state:

(a) whether Government propose to set up a planning cell for the India Telephone Industries, Bangalore, and if so, when; and

(b) whether Government also propose to expand the existing capacity for the manufacture of telephone instruments in the country?

The Deputy Minister in the Department of Communications (Shri Bhagavati): (a) The planning work in the Indian Telephone Industries is done by the management under the supervision of the Managing Director. There is also a small planning cell for the manufacture of crossbar equipment which also works under the supervision of the Managing Director.

(b) Manufacture of telephone instruments is being successively expanded during each Plan period. During the Fourth Plan period, it is proposed to manufacture 12 lakhs telephone instruments compared to 8.3 lakhs during the Third Plan period.

प्रागा टूल्स कारपोरेशन, हैदराबाद, के बिक्री एजेंट

1333. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **प्रतिरक्षा मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रागा टूल्स कारपोरेशन, हैदराबाद, को उत्पादन मूल्य बिक्री मूल्य से अधिक होने के कारण काफी नुकसान हुआ ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उसकी 60 प्रतिशत मशीनें बेकार पड़ी रहती हैं ; और

(ग) स्थिति में सुधार करने के लिये क्या उपाय किये गये हैं या किये जाने वाले हैं ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा उत्पादन मंत्री (श्री अ० म० थॉमस) : (क) सरकार के आधीन प्रशासनिक नियन्त्रण आ जाने के पश्चात् तीन वर्षों में कुछ हालतों में वक्रय मूल्यों से उत्पादन की लागत अधिक होने के